NARESH YADAV (Advocate)
MLA, MEHRAULI (AC-45)
Ex-Chairman: Committee on Welfare of OBC
Chairman: District Development Committee
(South Delhi District)

(M) 9818311132
8588833445
E-mail: aapdelhiac45@gmail.com

Ref. No. .... Dated 31-1-2025

सेवा में,

श्री अरविंद केजरीवाल जी,
राष्ट्रीय संयोजक,
आम आदमी पार्टी, दिल्ली।

विषयः **आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिये जाने के संबंध में।**

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए, अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है ।

मैंने आम आदमी पार्टी ईमानदारी की राजनीति के लिए ही ज्वाइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है। मैंने महरौली विधान सभा में पिछले 10 सालों से लगातार 100 फीसदी ईमानदारी से काम किया है। महरौली के लोग जानते हैं कि मैंने **ईमानदारी की राजनीति**, **अच्छे व्यवहार की राजनीति** और **काम की राजनीति** की है। मैंने महरौली के बहुत से लोगों से चर्चा की, सभी ने यही कहा कि आम आदमी पार्टी अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। आपको इस पार्टी को छोड़ देना चाहिए क्योंकि इन्होंने लोगों के साथ धोखा किया है। कहते थे, कि हम ईमानदारी की राजनीति करेंगे लेकिन आज पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है।

दिल्ली की जनता जानती है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है क्योंकि इन्होंने भ्रष्टाचारियों को ही पार्टी में शामिल कर लिया है।

N Yadav

NAREST YADAV (Advocate)
MLA, MEHRAULI (AC-45)
Ex-Chairman: Committee on Welfare of OBC
Chairman: District Development Committee
(South Delhi District)

(M) 9818311132
8588833445
E-mail: aapdelhiac45@gmail.com

Ref. No. .... Dated 31-1-2025

आम आदमी पार्टी में कुछ ही लोग ईमानदारी की राजनीति करने वाले बचे हैं। केवल उनसे मेरा प्यार व दोस्ती हमेशा रहेगी और अपनी महरौली की जनता का भी मैं दिल से आभार और धन्यवाद प्रकट करता हूं कि इन्होंने मुझे 10 सालों में बहुत प्यार और आशीर्वाद दिया है। महरौली विधान सभा और दिल्ली की प्यारी जनता से विनम्र निवेदन है कि आगे की ईमानदारी से समाज सेवा वाली राजनीति के लिए अपना आशीर्वाद और प्यार हमेशा मुझपर बनाये रखें। मैं आप सभी से वादा करता हूं कि हमेशा ईमानदारी की, अच्छे व्यवहार की और काम की राजनीति करता रहूंगा।

महोदय, आज की आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट राजनीति को देखते हुए आम आदमी पार्टी को छोड़ना चाहता हूं और इस पार्टी से मैं सभी पदों से अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया मेरा इस्तीफा स्वीकार करें।

धन्यवाद, जय हिन्द, भारत माता की जय।

भवदीय,

Nyadav

(नरेश यादव)
सदस्य, दिल्ली विधान सभा
महरौली (AC-45)
9818311132, 9958649325

Office: Room No. 31, Delhi Legislative Assembly Secretariat, Old Secretariat, Delhi - 110 054
Office: D-7, Vasant Kunj, New Delhi - 110 070